आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के मिल्कीपुर क्षेत्र में एक हजार पांच करोड़ रूपये की तिरासी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जिनमें तिरासी करोड़ रूपये की सैंतीस परियोजनाओं का और नौ सौ बाईस करोड़ रूपये की छियालिस परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। लोकार्पण और शिलान्यास के बाद एक जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आत्यिनाथ ने कहा कि अयोध्या में आज विकास की गंगा बह रही है। दीपावली के अवसर पर यहां आयोजित होने वाले दीपोत्सव का एक–एक दीपक देश के कोने–कोने को प्रकाशमान करता है। श्री योगी ने कहा कि एक समय था कि अयोध्या के लोग बिजली और पानी को तरसते थे उस अयोध्या को डबल इंजन की सरकार ने तीस हजार करोड़ रूपये की विकास की योजनाए समर्पित की हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री आवास योजना सहित कई जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रमाण पत्र दिया और उपकरण प्रदान करने के साथ सम्मान राशि भी दी। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल और युवा मंत्री गिरीश यादव मौजूद रहे।

अयोध्या के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर पहुंचे और वहा उन्होंने रामगढ़ताल में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का उद्‌घाटन किया और ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आवंटियों को अवंटन प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पिछले सात वर्ष के दौरान गोरखपुर में हुए विकास कार्यो की जानकारी दी।

****

पहाड़ों पर हो रही बारिश और बांधों से लगातार नदियों में पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। गंगा नदी बंदायूं, फर्रूखाबाद, गाजीपुर और बलिया तथा घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और तुर्तीपार में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। नदी के बढ़े जलस्तर के कारण वाराणसी और प्रयागराज में नाव के संचालन में रोक लगा दी गयी है। घाघरा नदी के बढ़े जलस्तर के दबाव के कारण बलिया में कल मध्य रात्रि राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस का एक हिस्सा बैरिया से माझी के बीच चांद दीयर के पास टूट गया। इसके चलते उत्तर प्रदेश का पड़ोसी राज्य बिहार से सम्पर्क कट गया और आसपास के गांवों में पानी पहुंचनें से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन की टीम सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन चालू करने के लिये प्रयासरत है। उधर, मौसम विभाग के भारी वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर और मैनपुरी के कक्षा एक से बारह तक के सभी स्कूल आज बन्द रहे।

****

उत्तर मध्य रेलवे ने कल देर शाम वृंदावन के पास एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद मथुरा जंक्शन से गुजरने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को बीस सितंबर तक रद्द कर दिया है। वृंदावन स्टेशन के पास मालगाड़ी के पच्चीस डिब्बे पटरी से उतरने की घटना के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन भी किया गया है। मार्ग परिवर्तित होने के कारण सैकड़ों यात्री मथुरा और आगरा रेलवे स्टेशनों पर फंसे हुए हैं। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम यूसी जोशी ने कहा कि पटरी की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। मरम्मत में कम से कम चौबीस घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा कि वृंदावन रोड और अजहाई स्टेशनों के बीच हुई इस दुर्घटना में करीब तीस ट्रेनें प्रभावित हुईं।

****

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में भागीदारी को लेकर टॉपटेन जिलों की सूची जारी की है। नये सदस्य बनाने के मामले में अमरोहा जिला सबसे आगे है जहां एक लाख पैंतालीस हजार सात सौ सत्ताइस लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। दूसरे स्थान पर हरदोई जिला है, जहां सदस्य बनने वालों की संख्या एक लाख पैंतालीस हजार चौंसठ है। राजधानी लखनऊ का स्थान तीसरा है जहां एक लाख तिरालीस हजार से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

****

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधारकार्ड को अपडेट करने की समय सीमा बढ़ा कर अब चौदह दिसम्बर तक कर दी है। इस दौरान बिना किसी शुल्क के आधार कार्ड में जरूरी बदलाव किये जा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि चौदह सितम्बर थी। निशुल्क सेवा माई आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके साथ ही माई आधारऐप पर भी लॉगइन किया जा सकता है। ऑनलाइन माध्यम से केवल नाम, पता लिंग और जन्म तिथि में बदलाव की सुविधा मिलेगी।

****

कल से कजाकिस्तान में शुरू हो रही एशियाई महिला हैण्डबाल क्लब लीग चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे की तीन महिला खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस चैम्पियनशिप के लिये गोल्डेन ईगल्स हैण्डबाल क्लब टीम में पूर्वोत्तर रेलवे की तीन महिला खिलाड़ियों सृष्टि अग्रवाल, सुषमा और मीना सिल का चयन हुआ है।

****